# अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही कर रिपोर्ट दें विभाग -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

**❒ जल जीवन मिशन में टंकियों का निर्माण प्राथमिकता से पूरा कराने के कलेक्टर गोयल ने दिए निर्देश**

**❒ स्कूलों में कक्षा पहली से बारहवीं तक हर माह होंगे टेस्ट, शिक्षा विभाग को तैयारियों के निर्देश**

**❒ कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बिना अनुमति या छुट्टी स्वीकृत करवाए कार्यालय से लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर मूलभूत नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। यह गंभीर बात है कि लोग बिना अवकाश स्वीकृति या सूचना दिए अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं। शासन ने ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों से ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करें और एक सप्ताह में रिपोर्ट दें।

कलेक्टर गोयल ने समय-सीमा की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ईई पीएचई से कहा कि ओवर हेड टंकियों का निर्माण पहली प्राथमिकता है। सभी ठेकेदारों को निर्देशित करें कि पहले टंकी का काम पूरा करें। उसके पश्चात पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाए। इसके साथ ही जहां काम पूरे हो गए हैं वहां के रख-रखाव को लेकर भी विभाग निगरानी रखें। जिससे पानी सप्लाई में किसी प्रकार की समस्या आने पर उसे जल्द सुधारा जा सके। कलेक्टर गोयल ने नगरीय निकायों में पीएम आवास निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जिन निकायों में प्रगति कम हैं वहां रिव्यू कर काम के स्पीड बढ़ाएं। आयुक्त नगर निगम को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने खाद्य विभाग के काम काज की समीक्षा करते हुए ई-केवाईसी अपडेशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी खाद्य निरीक्षकों से रोजाना रिव्यू लेकर ई केवाईसी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। साथ ही पीडीएस बारदाना जमा किए जाने की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में खाद्य विभाग की समीक्षा कर पीडीएस बारदाना जमा करने में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग के कामों की समीक्षा करते हुए जिले में उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक सत्यापन के निर्देश दिए। इसके साथ ही बीज अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने की बात कही। कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कार्ड निर्माण में प्रगति लाने की आवश्यकता है। सभी नगरीय निकाय के अधिकारी इसके लिए विशेष रूप से प्रयास करें।

कलेक्टर गोयल ने जिला परिवहन अधिकारी को ऐसे रूट चिन्हांकित करने के निर्देश दिए जिसमें सार्वजनिक परिवहन की कोई सुविधा नहीं। जिससे इन मार्गों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल से लोगों के यातायात हेतु वाहन संचालन प्रारंभ करने की दिशा में काम शुरू किया जा सके। उन्होंने खनिज विभाग को अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागीय अधिकारी करें मॉनिटरिंग-** कलेक्टर गोयल ने जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। विभागीय जिलाधिकारियों को इसकी व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करनी है। आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। 26 जुलाई को धरमजयगढ़ के विजयपुर में होने वाले अगले शिविर की तैयारी शुरू कर लें।

**स्कूलों में हर माह होंगे यूनिट टेस्ट-** कलेक्टर गोयल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी स्कूलों में हर माह यूनिट टेस्ट आयोजित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूलों में कक्षा पहली से बारहवीं तक यूनिट टेस्ट लिए जायेंगे। इसके लिए जिला स्तर से प्रश्नपत्र तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि टेस्ट के परिणामों की समीक्षा की जायेगी। टेस्ट का उद्देश्य शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर करना है।

## गिरफ्तारी : पड़ोसी महिला को फेसबुक पर बनाया फ्रेंड और लूटी अस्मत, आरोपी युवक गिरफ्तार

**❒ चक्रधरनगर पुलिस ने दुष्कर्म और आपराधिक धमकी की धाराओं पर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़**



दिनांक 22.07.2024 को थाना चक्रधरनगर में महिला द्वारा उसके पडोसी युवक पर फेसबुक में फ्रेण्ड रिक्वेस्ट भेजकर मित्रता करने और उसे घर में अकेली पाकर डरा धमकाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीड़ित महिला के आवेदन अनुसार वर्ष 2023 में चक्रधरनगर क्षेत्र में किराया मकान लेकर उसके पति के साथ रहती थी। उसके पड़ोस में नरेश चौहान (25 साल) रहता था। नरेश इसे फेसबुक में फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती किया और चैटिंग करने लगा जिसे मना की, उसके बावजूद भी नरेश चैटिंग और बात करता था। इसके बारे में अपने पति को बताई जिसने भी नरेश को डांटा। कुछ दिनों बाद 16 जून 2023 को महिला का पति काम पर गया हुआ था, महिला घर में अकेले थी नरेश घर आ गया और डराते धमकाते हुये महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद से नरेश नुकसान पहुंचाने की धमकियां देकर शारीरिक शोषण करने लगा। महिला के लिखित आवेदन पर महिला विवेचक द्वारा आरोपी नरेश चौहान के विरूद्ध अप.क्र. 345/2024 धारा 64 (2)(ड), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसके मेडिकल, गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूर्ण कर आज आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर व हमराह स्टाफ शामिल थे।

## बलौदा बाजार हिंसा मामले में भीम रेजिमेंट बेमेतरा जिला अध्यक्ष गिरफ्तार

**बलौदाबाजार | आरएनएस**



बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने एक और आरोपी अविनाश धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी भीम रेजिमेंट बेमेतरा का जिला अध्यक्ष है। अविनाश धृतलहरे (25) बेमेतरा जिले के रांका का रहने वाला है। पुलिस बलौदा बाजार हिंसा में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कर तलाश कर रही है। वहीं इस मामले मे अबतक पुलिस ने 171 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग में भारी वर्षा की चेतावनी

### येलो एवं ऑरेंज अलर्ट जारी , निम्न दाब का क्षेत्र बना छत्तीसगढ़

**रायपुर | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने हैवी रेन का अलर्ट जारी किया है। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव, सुकमा, बीजापुर में ऑरेंज तो रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, मुंगेली, मोहला मानपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर एवं नारायणपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया।

मौसम केंद्र रायपुर के मौसम वैज्ञानिक हरिप्रसाद चंद्रा ने बताया कि एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र अंदरूनी उड़ीसा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है और इसके क्रमशः निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 12 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, मंडला, निम्न दाब के केंद्र, चांदबाली और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर, अक्ष 67 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में मौजूद है।

प्रदेश में 22 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने, भारी वर्षा होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: बिलासपुर और दुर्ग संभाग के पूर्वी मध्य प्रदेश तथा विदर्भ से लगे क्षेत्र संभावित है।

## लैलूंगा पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**❒ पुरानी रंजीश और मजदूरी पैसे की मांग पर उपजे विवाद में आरोपी ने पत्थर से युवक को पहुंचाई थी गंभीर चोट, ईलाज दौरान युवक की मौत**

**❒ घटना के बाद एमपी फरार होने की फिराक में था आरोपी, पुलिस ने मुखबीर लगाकर की गिरफ्तारी**

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर रायगढ़ लैलूंगा पुलिस को युवक की हत्या कर मध्य प्रदेश फरार होने की फिराक में लुक-छिप रहे आरोपी को मुखबीर पर धर दबोचने में सफलता मिली है, जिसे पुलिस ने हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मारपीट की घटना को लेकर दिनांक 17/07/2024 को नहर पारा लैलूंगा में रहने वाले असवत सारथी (उम्र 32 साल) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार था इसका साल नाजिम खान (उम्र 32 साल) जो नहरपारा के भरत शर्मा उर्फ मुंडा के साथ मजदूरी करता था। भरत शर्मा उर्फ मुंडा से मजूदरी का बचा पैसा मांगने गया था। जहां भरत शर्मा ने नाजिम खान को पूर्व विवाद रंजीश को लेकर डंडा और पत्थर से मारपीट किया है। आहत नाजिम खान को लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा घटना की रिपोर्ट थाना लैलूंगा में दर्ज करायी गई जिस पर आरोपी भरत शर्मा उर्फ मुंडा के विरूद्ध अप.क्र. 155/2024 धारा 296, 115(2), 351(2) BNS के तहत अपराध कायम किया गया।

आहत का प्राथमिक उपचार बाद रायगढ़ और रायगढ़ से डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया है। जहां 22 जुलाई की रात्रि आहत नाजिम खान की मौत हो गई। घटना को लेकर थाना लैलूंगा में मर्ग कायम कर मारपीट के अपराध में हत्या की धारा 103(1) BNS विस्तारित किया गया।

घटना के बाद से आरोपी भरत शर्मा उर्फ मुंडा पकड़े जाने की डर से फरार था। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े अपने स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आरोपी के मिलने के संभावित स्थान नहर पारा, ग्राम जामबहार, झरन में दबिश दिया गया। जहां मुखबीरों से जानकारी मिली कि आरोपी अपने गांव (मध्य प्रदेश) फरार होने की फिराक में है और लोगों से पैसे मांग रहा था। थाना प्रभारी आरोपी की सूचना देने मुखबीर तैनात कर रखे थे। आज सूचना पर आरोपी भरत शर्मा उर्फ मुंडा पिता लोहित शर्मा उम्र 45 साल निवासी नहर पारा लैलूंगा थाना लैलूंगा को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने अपराध स्वीकार कर घटना का वृतांत बताया कि पूर्व में नाजिम खान उसके साथ मारपीट किया था जिससे इसके सिर में चोट आयी थी जिसमें नाजिम खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। घटना दिनांक 16/07/2024 को नाजिम खान मजदूरी का रूपये मांगने आया जिसे पूर्व झगड़ा विवाद में डंडा और पत्थर से मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर डंडा और पत्थर की जप्ती की है। आरोपी को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सुपरविजन पर आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मान कुंवर सिदार, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, राम रतन भगत, आरक्षक हिलारियुस तिर्की, सुमित एक्वा की अहम भूमिका रही है।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियां समय से करें पूरी- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस के गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को पंडाल और बैठक व्यवस्था, ट्रेफिक और पेयजल, मार्च पास्ट की तैयारी और ट्रैक निर्माण, माइक और साउंड सिस्टम सहित आयोजन से जुड़े दूसरे दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर गोयल ने सभी अधिकारियों को उन्हें दी गई जिम्मेदारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा समारोह के दो दिन पूर्व 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा उसके पहले सारी तैयारियां कर ली जाए। इस दौरान डीएफओ स्टायलो मंडावी, एडीएम संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनदर्शन कार्यक्रम : जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदक, सुनाई अपनी समस्या

**❒ कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

जनदर्शन में आज विकासखंड लैलूंगा के ग्राम मडियाकछार निवासी ठंडाराम अपने दिव्यांग पुत्र के राशन कार्ड एवं ट्राइसायकल की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र दिव्यांग हैं एवं दूसरों पर आश्रित रहकर जीवन-यापन कर रहा है। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल से अपने पुत्र के लिए ट्रायसायकल एवं राशन कार्ड के लिए निवेदन किया। इसी प्रकार रायगढ़ के बंगलापारा निवासी श्रवण कुमार साहू ने बताया कि उनका पुत्र शारीरिक रूप से अक्षम है, उन्होंने अपने पुत्र के लिए आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग पेंशन की मांग की। जिस पर कलेक्टर गोयल ने उक्त दोनों आवेदन के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया।

रायगढ़ शहरी क्षेत्र की महिला समूहों ने आज मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के लंबित भुगतान की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण आहार के तहत दाल, चावल एवं अंडा का वितरण जून, जुलाई एवं अगस्त 2022 किया गया था। जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। समूहों ने अतिशीघ्र लंबित भुगतान की मांग। इसी प्रकार ग्राम लोईंग निवासी श्रीमती फुलकुमारी महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान किए जाने हेतु आवेदन लेकर पहुंची थी। कलेक्टर गोयल ने उक्त दोनों आवेदनों के निराकरण के लिए महिला बाल विकास को निर्देशित किया।

ग्राम देलारी निवासी श्याम लाल सिदार जमीन में अतिक्रमण एवं लगाए पौधों को हुए नुकसान की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा स्वयं के कृषि भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजनान्तर्गत पौधे लगाए गए थे। जिसमें कंपनी द्वारा अतिक्रमण कर खंभा गड़ा दिया गया है, जिससे उनके पौधों का नुकसान हुआ है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने एवं पौधों की क्षतिपूति की मांग की। कलेक्टर गोयल ने तहसीलदार रायगढ़ को जांच कर विधिवत कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ के गांधी नगर गढ़उमरिया निवासी भूषण कुमार अपने पुत्र का आरटीई के तहत स्कूल में प्रवेश की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने आरटीई के तहत प्रवेश में हो रही दिक्कत के संबंध में जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विकासखंड खरसिया के ग्राम बरगढ़ निवासी घनश्याम जयसवाल मनरेगा की मजदूरी भुगतान की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि स्वयं एवं उनकी पत्नी द्वारा संयुक्त रूप से मनरेगा के तहत मजदूरी का कार्य किया गया था। जिसका भुगतान आज पर्यन्त नहीं हुआ है। उन्होंने मजदूरी राशि दिलाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर गोयल ने सीईओ जनपद पंचायत खरसिया को परीक्षण कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 338.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 जुलाई तक 338.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 391.2 मिली मीटर, पुसौर में 398.1, खरसिया में 279.6, घरघोड़ा में 364.7, तमनार में 282.5, लैलूंगा में 300.7, मुकडेगा में 378.4, धरमजयगढ़ में 263 छाल में 348.7 एवं कापू में 378 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों की अनंतिम सूची जारी

**2 अगस्त तक मंगाए गए दावा आपत्ति**

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कोतरा में कार्यकर्ता एवं बायंग तथा गढ़कुर्री में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए आवेदन मंगाये गये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 2 अगस्त 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद तहसीलदार/नायब तहसीलदार खरसिया की अनुशंसा पर एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक के परिजन को वित्तीय सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। मृतक में तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम सेमीपाली निवासी लेशन यादव शामिल है। एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक के परिजन को राजस्व पुस्तक 6-4 के तहत 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट की विशिष्ट हिन्दी परीक्षा संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 23 जुलाई को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 289 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### जिले के पटवारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** हड़ताल में शामिल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पटवारी अपने मूल कर्तव्य पर शुक्रवार 19 जुलाई को लौट गए हैं। राज्य और जिले में 20 जुलाई 2024 तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें राजस्व के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिनके निराकरण में पटवारी का कार्य हो जाने से शीघ्रता आएगी।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 5 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया अंतर्गत आंगनबाड़ी में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका 5 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन दिवस में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया, जिला-रायगढ़ में सीधे आवेदन जमा कर सकते है। इनमें केन्द्र रतन महका राठौरपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद तथा गोरपार दर्रीपारा में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### सारंगढ़ व बरमकेला क्षेत्र में 24 जुलाई को होगा आयुष्मान, आधार, श्रम, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में 24 जुलाई बुधवार को आधार, आयुष्मान, श्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन शिविर जिला स्तर पर गांव बटाऊपाली-अ में होगा। सारंगढ़ क्षेत्र के गायदरहा, अंडोला, गोपालभौना, माधोपाली, अमलीपाली, सारंगढ़ के वार्ड 13 में और बरमकेला क्षेत्र के विक्रमपाली, खैरगढ़ी, डूमरसिंहा, रोहिनापाली, खरवानी वार्ड 8, साल्हेओना, डोंगरीपाली, गौरडीह, रिसोरा, संडा, पोरथ में शिविर आयोजित होगा। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480